FREE ONLINE EDUCATION

swayam

शिक्षित भारत, उन्नत भारत

# SWAYAM

## (स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव - लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स)

स्वयम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक राष्ट्रीय ऑनलाइन शिक्षा मंच है। स्वयम डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत एक अग्रणी डिजिटल पहल है। यह शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच के विचार का समर्थन करता है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति **2020** का भी एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीन प्रमुख सिद्धांतों, पहुँच, समानता और गुणवत्ता, को प्राप्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। पाठ्यक्रम सामग्री राष्ट्रीय पाठ्यक्रम मानकों को पूरा करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा समर्थित नवीन, मल्टीमीडिया-आधारित शिक्षाशास्त्र के उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों द्वारा विकसित की गई है। स्वयम यह इंटरैक्टिव, शिक्षार्थी-केंद्रित और लचीले शिक्षा पाठ्यक्रमों के माध्यम से आजीवन सीखने की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे विद्यार्थीयों, शिक्षकों और पेशेवरों को आत्म-सुधार और कौशल विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के अवसर मिलते हैं। स्वयम, पीएम ई-विद्या **(PM e-Vidya)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति में डिजिटल शिक्षा को एक प्रमुख स्तंभ माना गया है। यह डिजिटल इंडिया मिशन के लक्ष्यों का समर्थन करते हुए डिजिटल खाई को पाटता है। यह एक समावेशी शिक्षा प्रबंधन प्रणाली **(LMS)** के माध्यम से, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशानुसार वंचित और दूरस्थ शिक्षार्थियों को सशक्त बनाता हैं।

## इसकी निम्नलिखित विशेषताएँ हैं

- उच्च विद्यालय से विश्वविद्यालय स्तर तक सभी पाठ्यक्रमों के लिए वन-स्टॉप वेब और मोबाइल आधारित इंटरैक्टिव ई-सामग्री।
- कभी भी, कहीं भी आधार पर मल्टीमीडिया का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता अधिगम अनुभव प्रदान किया जा सकता है।
- अत्याधुनिक प्रणाली है, जो अधिगमकर्ता को आसान पहुंच, निरीक्षण और प्रमाणन की अनुमति प्रदान करती है।
- विषय-वस्तु से सम्बन्धित कोई संदेह या शंकाओं के निवारण के लिए सहकर्मी समूह बातचीत और चर्चा के लिए मंच प्रदान किया गया है।
- वितरण का हाइब्रिड मॉडल है, जो कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

